



वर्षा जल निकास नालियों के चिह्नक हमें याद दिलाते हैं कि हम सब अपने आसपास के पर्यावरण से जुड़े हुए हैं।

# रेस्तरां और खाद्य सेवाएं

वर्षा जल को दूषित होने से बचाकर अपने जलीय पर्यावरण का संरक्षण करें।

## संदूषकों के फैलाव की रोकथाम

सभी संदूषक फैलावों को हर हाल में तत्काल साफ कर देना चाहिए अथवा सीमित कर देना ताकि वे वर्षा जल निकास प्रणाली में न जा सकें।

संदूषक फैलाव की रोकथाम में सहायता के लिएः

- अपने अपषिष्ट ग्रीस पात्र को बिखरने से बचाने के लिए सुरक्षित करें
- हमेषा सूखी सफाई विधियों का प्रयोग करें, जैसे चिथड़े, नम पोछा अथवा झाड़ू।
- कभी भी बिखरे संदूषक पदार्थों को पाइप के पाने से सड़क, गटर अथवा बारिष के पानी की नाली में न बहाएं।
- संदूषक फैलने की स्थितियों के लिए एक प्रतिक्रिया योजना तैयार करें। एक संदूषक फैलाव कार्रवाई किट तैयार करें जो आपके केंद्र में उत्पन्न होने वाली ग्रीस और दूसरे अपषिष्टों के लिए उपयुक्त अवषोषण सामग्री से लैस हो।
- सुनिष्चित करें कि आपके समस्त कर्मचारियों और रखरखाव कंपनी को वर्षा जल के संदूषण को रोकने में अपनी भूमिका की जानकारी हो।

पर्यावरण में दुर्घटनावष किसी संदूषक–फैलाव होने की स्थिति में तत्काल **प्रोविन्षियल इमरजेंसी प्रोग्राम** (PEP) से 1.800.663.3456 पर सम्पर्क करें। यदि वह रसायन ज्वलनषील है, विषाक्त है, क्षयकारी है अथवा अन्य खतरनाक विषेषताओं वाला है तो **सरी फायर डिपार्टमेंट** से तत्काल **911** पर सम्पर्क करें।

वर्षा जल निकास प्रणाली को दूषित करने के लिए जिम्मेवार किसी भी व्यक्ति को निम्नलिखित पर्यावरणीय कानूनों के अन्तर्गत उत्तरदायी ठहराया जा सकता हैः

- फेडरल फिषरीज़ एक्ट
- BC हैज़र्डस वेस्ट रेग्यूलेषन
- BC इन्वाइरन्मेन्टल मैनेजमेंट एक्ट
- सरी बाई–लॉ नं. 16610

## अधिक जानकारी के लिए

RCBC रीसाइकलिंग हॉटलाइन
**604.732.9253**

रेस्ट्रान्ट्स एंड फूड सर्विसेज एसोसिएषन
**1.877.942.2732**

सिटी ऑफ सरी
प्लम्बिंग सेक्षन
**604.591.4245**

सिटी ऑफ सरी
ड्रेनेज एण्ड इन्वाइरन्मेन्ट सेक्षन
**604.591.4321**

फ्रेजर हेल्थ अथॉरिटी
**604.587.7610**

यदि आप किसी वर्षा जल निकास नाली में कोई संदूषक–फैलाव अथवा रसायन धुलते हुए देखें तो कृपया सिटी ऑफ सरी इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट से **604.590.7226** पर संपर्क करें, सायं 4:30 बजे के बाद **604.591.4431** पर।

052613

www.surrey.ca

CITY OF SURREY





# रेस्तरां और खाद्य सेवाएं

रेस्तरां और खाद्य सेवा परिचालनों को शायद ही कभी प्रदूषण का स्रोत माना जाता है; लेकिन, सफाई की सामग्री का अनुचित निपटान, उनके अपशिष्ट पदार्थों को संभालने की खराब कार्यप्रणालियां और पार्किंग स्थलों से पानी के साथ बहकर जाने वाली चीजें ये सभी वर्षा जल को संदूषित करने में योगदान कर सकती हैं और साथ ही सेनिटरी सीवर लाइनों के बंद होने में भी, जो कि बहुत खतरनाक होता है और मंहगा पड़ता है। रसोई के वायु निकास फिल्टरों की सफाई और सफाई की सामग्री मिले धुलाई के पानी का पार्किंग स्थलों में निपटान करने से, खाने पकाने से निकलने वाली ग्रीस, तलछट, रसायन, साबुन, सॉल्वेंट (विलायक), विभिन्न रसायन और सफाई के योगिक पार्किंग स्थल में बारिश के पानी की नालियों के जरिए बहकर वर्षा जल निकास प्रणाली में पहुंच जाते हैं। अपषिष्ट ग्रीस के पात्र और कूड़े के पात्र अकसर बारिश के संपर्क में आते हैं जिससे ग्रीसें और अन्य जैविक सामग्रियां बहकर पार्किंग स्थल में बारिश के पानी की नालियों में पहुंच सकते हैं।

वसा, तेलों और ग्रीस को सीवरों तथा वर्षा जल की नालियों में जाने से रोकना महत्वपूर्ण है। वर्षा जल की नालियां आमतौर पर निकटतम छोटी नदी अथवा जलधारा से जुड़ी होती हैं और कोई भी संदूषक पदार्थ इन जलधाराओं में रहने वाली मछलियों एवं हमारे पर्यावरण के लिए विषाक्त हो सकता है। सरी में 1500 से अधिक लंबाई की खुली छोटी नदियां और जलधाराएं हैं और ये जलधाराएं एक महत्वपूर्ण नेटवर्क बनाती हैं जो सैमन, ट्राउट, और अन्य जलीय जीवों के लिए प्राकृतिक वास स्थल प्रदान करता है। वसा, तेल और ग्रीस मछलियों के गिलों पर परत चढ़ा सकते हैं, ऑक्सीजन को पानी में जाने से रोक सकते हैं, नालियों को बंद कर सकते हैं और उनमें जलीय जीवों के लिए खतरनाक रसायन हो सकते हैं।

## श्रेष्ठ प्रबंधन कार्यप्रणालियां

संदूषक पदार्थों को वर्षा जल निकास प्रणाली में जाने, और वहां से अंततः हमारी जलधाराओं और छोटी नदियों में पहुंचने से रोकने के लिए, कृपया निम्नलिखित कार्यप्रणालियों का पालन करें:

- धुलाई का पानी, जिसमें रसोई निकास फिल्टरों की सफाई का पानी, सफाई के विलयन और अपषिष्ट ग्रीसें शामिल हैं, का निपटान सेनिटरी सीवर सिस्टम के स्वीकृत कनेक्षन के जरिए करना अथवा किसी स्वीकृत केंद्र पर निपटान हेतु ले जाया जाना जरूरी है।
- फर्श की सफाई से निकलने वाले पोछे के पानी को किसी मॉप सिंक, ट्वायलेट अथवा अन्य नाली में डालें जो किसी ग्रीस ट्रैप अथवा ऑयल इंटरसेप्टर के जरिए सेनिटरी सिस्टम से जुड़े हों। धुलाई के पानी को बाहर अथवा किसी सड़क, गटर, या वर्षा जल की नाली में न डालें।
- ग्रीस और तेल लगे उपकरणों और बाल्टियों को बाहर संभालने से पहले किसी ऐसी नाली में धोएं जो ग्रीस ट्रैप अथवा इंटरसेप्टर से जुड़ी हो।
- यदि गार्बेज काम्पैक्टर्स का इस्तेमाल किया जाता है, तो किसी भी अपषिष्ट द्रव को वर्षा जल निकास प्रणाली में नहीं डाला जा सकता।
- सफाई करने, जीवाणुमुक्त करने, गंधमुक्त करने के रसायनों और विलायकों को किसी ऐसे सुरक्षित स्थान पर संभालना जरूरी है जहां संदूषक फैलाव सीमित रहेगा और वर्षा जल निकास प्रणाली अथवा सेनिटरी सीवर सिस्टम में नहीं जा सकेगा।
- सफाई करने, जीवाणुमुक्त करने, गंधमुक्त करने के पुराने रसायनों को विषेष निपटान की आवश्यकता हो सकती है। सफाई और निपटान के संबंध में विनिर्माता के निर्देषों का पालन करें। प्रयोग न किए गए सफाई उत्पादों के निपटान की जगह पता करने के लिए, RCBC रीसाइकलिंग हॉटलाइन पर संपर्क करें।
- ग्रीस ट्रैप को नियमित रूप से साफ कर सीवर एकत्रण प्रणाली की लाइनों को बचाएं। यदि सीवर बंद होकर पीछे आता है, तो यह ओवरफ्लो होकर वर्षा जल की नालियों में जा सकता है।

### ग्रीस और तेल का निपटान

- ग्रीस और तेल को **कभी भी** सिंक, फर्श की नाली, बारिश के पानी की नाली अथवा कूड़ेदान में **नहीं** डालें। ग्रीस रखने के बंद पात्रों का प्रयोग करके अथवा ग्रीस इंटरसेप्टर लगाकर ग्रीस को रोककर रखें।
- अपने ग्रीस रखने के पात्रों कभी भी अधिक न भरें।
- अपशिष्ट ग्रीस के बैरल और कूड़े के पात्र ऐसे बंद स्थानों पर ही रखे जाने जरूरी हैं जहां से संदूषक पदार्थ फैलकर वर्षा जल निकास प्रणाली में नहीं जा सकें।

